भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रुग्ण उद्योगों के संबंध में आंकड़े एकत्र किया जाना

4306. श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय रिजर्व बैंक रुग्ण एककों की संख्या और स्वीकृत की गई धन राशि से संबंधित आंकड़े एकत्र नहीं करता है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या सरकार रुग्ण उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए उपरोक्त भाग (क) में पूछी गई जानकारी से संबंधित आंकड़े एकत्र करने के लिए कोई नीति बनाने पर विचार कर रही है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) जी नहीं, भारतीय रिजर्व बैंक रुग्ण और कमजोर एककों की संख्या और राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा उन्हें ऋण सहायता देने संबंधी सूचना को छमाही आधार पर एकत्र करता है ।

(ख) और (ग) ये प्रश्न पैदा ही नहीं होते ।

Bill Market Scam

4307.SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE:
SHRI RAJUBHAI A. PARMAR:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the report in the Times of India of May 15, 1992, captioned[1] "Bill market scam causes fresh panic";

(b) if so, whether close on heels of the recent "securities scam" another scam has come to light called "Bills Scam" involving drawing of huge bills by large companies on each other without the backing of merchant transactions;

(c) if so, what are the details thereof; and

(d) whether any investigations have been caused into the matter, if so, the results thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY . OF FINANCE, (SHRI DALBIR SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) to (d) During the course of their inspections, Reserve Bank of India (RBI) have observed some irregularities in the conduct of bills business in banks like providing of bill finance to large borrowers outside the consortium, providing of temporary financial accommodation to some companies without making proper appraisal of their credit needs, and discounting and rediscounting of bills relating to transactions not permissible under the RBI guidelines. All such cases of irregularities in the bill discounting by banks are taken up. by RBI with the individual banks for necessary rectification. RBI have recently issued additional instructions in regard to the bill business, to the banks, on the 27th July, .1992.

Take over by Companies by SCICI

4308. SHRI MENTAY PADMANABHAM: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Governments attention has been drawn to news item appearing in the Financial Express dated August 3rd, 1992 captioned' "The Albatross around SCICI's neck";

(b) if so, what are the original circumstances which prompted, such a takeover' of Scindia Shipping by SCICI;

(c) whether there was an element of haste in such a take over:

(d) whether all alternatives were explored at that point of time;

(e) what is the number of other companies, both shipping and fishing that has been taken over by SCICI since 1987;

(f) what steps are being taken *by* SCICI to review such take overs in this strategic sector; and

(g) what measures does SCICI propose to take to review sick units in both shipping and fishing sectors?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI DALBIR SINGH): *(a)* Yes, Sir.

(b) Scindia Steam Navigation Co. Ltd. (SSN) was not taken over by SCICI. In view of the large overdues to the Government and non-availabi-lity of funds, the Government nominated a new Board of Directors for the company on August 14,1987 under Section-10, Chapter-Ill of the Shipping Development Fund Committee's (Abolition) Act.

(c) and (d) There was no element of haste in proposing the takeover of the management of Scindia Steam Navigation Company Ltd., and various alternative were explored carefully.

(e) and (f) No company has been taken over by SCICI since its inception till date and hence the need for a review does not arise.

(g) The problems of shipping and fishing units financed by the erstwhile SDFC are kept under periodic review by SCICI, While some have been rehabilitated. those found to be unviable are subject to necessary action for recovery of dues in accordance with the provisions of the SDFC (Abolition) Act.

As part of its efforts to revive sick but potentially viable deep sea fishing companies, a rehabilitation scheme has already been put in place which provides for various kinds of reliefs on a case to case basis. Hitherto, rehabilitation proposals of 42 fishing companies have been approved and post approval action is being taken.

प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि संबंधी अध्ययन

4309. श्रीमती सुषमा स्वराज : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कैलि-फोर्निया राज्य विश्वविद्यालय के स्कूल आफ बिजनेस एंड इकॉनामिक्स में एसोसिएट प्रोफेसर श्रीश्याम जे० कामथ द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, 1950 से 1985 के दौरान भारत में प्रति व्यक्ति वार्षिक आय में वार्षिक वृद्धि मात्र 1.5 प्रतिशत थी :

(ख) क्या यह भी सच है कि प्रथम पंचवर्षीय योजना से आज तक भारत को विदेशी सहायता के रूप में लगभग 55 प्रतिशत बिलियन डालर की विदेशी सहायता प्राप्त हुई है :

(ग) क्या यह भी सच है कि इसी अवधि के दौरान हांगकांग, ताईवान, दक्षिण कोरिया, थाइलैण्ड, मलेशिया, इंडोनेशिया आदि जैसे छोटे देशों में प्रति व्यक्ति वार्षिक आय का प्रतिशत भारत की तुलना में कहीं अधिक रहा है ; और

(घ) यदि हां, तो सरकार की इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) जी, हां ।

(ख) सरकारी और गैर-सरकारी, दोनों ही लेखों पर द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्रोतों से प्राप्त ऋणों तथा अनुदानों के रूप में समग्र विदेशी सहायता की राशि 1991–92 तक 72,512 करोड़ रुपए थी ।

(ग) विश्व विकास रिपोर्ट, 1987 के अनुसार हांगकांग, कोरिया गणराज्य, थाइलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे देशों के संबंध में 1965 से 1985 की अवधि के लिए प्रति